# बिहार सरकार
## मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार
## विकास भवन, पटना–15

**'प्रयोगशाला तकनीशियन' के पद पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन**

सामान्य प्रशासन विभाग का संकल्प ज्ञापांक–1003 दिनांक–22.01.2021 एवं संकल्प ज्ञापांक–2401 दिनांक–18.07.2007 में वर्णित प्रावधानों के आलोक में राज्य के मद्य जाँच प्रयोगशालाओं हेतु निम्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का संविदा के आधार पर नियोजन किये जाने का प्रस्ताव हैः–

| क्र0सं0 | पदनाम | पदों की संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रयोगशाला तकनीशियन (Lab Technician) | 03 (तीन)<br>कैटेगरी अनुसार पद–<br>1. अत्यंत पिछड़ा वर्ग–02<br>2.. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग–01 | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से बी0एस0सी0, रसायन शास्त्र (प्रतिष्ठा) द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्णता तथा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को अधिमान्यता दिया जायेगा। |

उक्त पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव धारित करने वाले अभ्यर्थियों से निम्नांकित शर्त्तों के अधीन दिनांक–26.12.2024 के 5:00 बजे अपराह्न तक निबंधित डाक से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

1. किसी सरकारी संस्थान में प्रयोगशाला तकनीशियन/प्रयोगशाला सहायक के पद पर अधिक कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थी को अधिमानता दिया जायेगा।

2. अधिकतम आयु सीमा आवेदन करने की तिथि को 64 वर्ष होगी।

3. संविदा अवधि प्रथम चरण के लिए एक वर्ष की होगी, जिसे एक वर्ष के पश्चात् आवश्यकता एवं सेवा संतोषजनक होने के आधार पर पुनः अनुबंधित किया जाएगा। यदि संविदा अवधि की समाप्ति के पूर्व उसका विस्तार नही हो जाता है, तो ऐसी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी। इस हेतु कोई आदेश निर्गत किया जाना अपेक्षित नही होगा।

4. सामान्य प्रशासन विभाग का संकल्प ज्ञापांक–1003 दिनांक–22.01.2021 एवं संकल्प ज्ञापांक–2401 दिनांक–18.07.2007 के आलोक में एतदर्थ गठित समिति द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक/मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

5. चयन का आधारः– प्राप्त आवेदनों की स्क्रुटनी कर तैयार पैनल के आधार पर विभागीय चयन समिति द्वारा Walk-in-Interview के आधार पर चयन किया जायेगा। चयन करते समय आरक्षण रोस्टर का अनुपालन किया जायेगा।

6. आवेदन भरने की प्रक्रियाः– आवेदन का प्रपत्र विभागीय वेबसाईट– https://state.bihar.gov.in/excise/citizenHome.html पर उपलब्ध है। आवेदन प्रपत्र साफ–साफ अक्षरों में भरा होना चाहिए। आवेदन प्रपत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। आवेदन निबंधित डाक के माध्यम से "आयुक्त उत्पाद, निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, प्रथम तल, विकास भवन, नया सचिवालय, पटना, पिन–800015" के पता पर प्रेषित किया जा सकेगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे।

7. नियोजन के समय स्वस्थ होने के संबंध में असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र देना आवश्यक होगा। साथ ही प्रथम श्रेणी दण्डाधिकारी से इस आशय का शपथ–पत्र देना होगा कि "मेरे द्वारा समर्पित शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्र सही हैं" तथा "मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक मामला किसी थाना/न्यायालय में दर्ज नहीं है।"

8. संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति सरकारी सेवक नही माने जायेंगे और सरकारी सेवक को अनुमान्य किसी भी सुविधा के वे हकदार नही होंगे। संविदा के आधार पर नियोजन के बाद सरकारी सेवा में विनियमितीकरण का उनका कोई भी दावा नही बनेगा।

9. यह बिल्कुल अस्थायी एवं अल्पकालिक व्यवस्था है। विभागीय चयन समिति, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, पटना को यह अधिकार होगा कि बिना कोई कारण बताए चयन प्रक्रिया को किसी भी समय संशोधित या रद्द कर सकता है।

संयुक्त आयुक्त मद्यनिषेध
मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग
बिहार, पटना।

# मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, पटना।

प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर संविदा आधारित नियोजन हेतु आवेदन प्रपत्र

**आवेदित पद का नाम :–........................**

हाल का रंगीन
स्वअभिप्रमाणित फोटो

1. आवेदक का नाम (अंग्रेजी में) :–

   आवेदक का नाम (हिन्दी में) :–

2. पिता / पति का नाम :–

3. जन्म तिथि :–

4. लिंग :–

5. आरक्षण कोटि :– निःशक्त :– हाँ / नही

6. शैक्षणिक योग्यता :–

7. कार्य अनुभव :–

8. पत्राचार का पता :–

9. स्थायी पता :–

10. फोन नं0 / मोबाईल नं0 :–

11. ई–मेल :–

स्थान :–

दिनांक :–

आवेदक का हस्ताक्षर

Ranu Madam/hos\A